## न्यूज डायरी



### श्रीलंका के तट के पास तेल टैंकर पर लगी आग को पूरी तरह बुझाया गया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। श्रीलंका के पूर्वी तटीय क्षेत्र के नजदीक एक तेल टैंकर में लगी आग को पूरी तरह बुझा लिया गया है। घटना के करीब 79 घंटों के बाद आग बुझाने में सफलता मिली। श्रीलंकाई नौसेना ने रविवार को यह जानकारी दी। नौसेना के साथ ही भारतीय तटरक्षक बल भी लगातार आग बुझाने में जुटा हुआ था। एमटी न्यू डायमंड नामक यह टैंकर पनामा में पंजीकृत है और इसमें गुरुवार को आग लग गई थी। यह जहाज दो लाख 70 हजार मीट्रिक टन कच्चा तेल लेकर कुवैत से भारत जा रहा था। श्रीलंका की नौसेना ने शुक्रवार को इस बात की पुष्टि की थी कि जहाज के इंजन कक्ष में बॉयलर विस्फोट से फिलिपीन के एक नाविक की मौत हो गयी। भारतीय जहाज पूर्वी जिले अम्पारा के संगमनकंदा के तट के नजदीक खड़े इस टैंकर में लगी आग पर काबू पाने के लिए श्रीलंकाई नौसेना की लगातार सहायता करते रहे।

### चक्रवाती तूफान 'हाइशेन' तबाही मचाने के बाद दक्षिण कोरिया की ओर बढ़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। जापान में लगभग एक सप्ताह के अंदर दूसरी बार शक्तिशाली चक्रवाती तूफान आया जिसमें कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं, लगभग पांच लाख घरों की बिजली गुल हो गई तथा दक्षिण जापान द्वीपों में 20 लोग इसकी चपेट में आने से घायल हो गए। यहां तबाही मचाने के बाद तूफान सोमवार को दक्षिण कोरिया की ओर बढ़ गया। तूफान गुजर जाने के बाद दक्षिण जापान में यातायात अब भी ठप पड़ा है। बुलेट ट्रेनें निलंबित हैं, सोमवार को भी दक्षिण पश्चिम जापान में आने–जाने वाली घरेलू उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने चेतावनी दी कि तूफान के उत्तर दिशा में बढ़ने के बावजूद तेज हवाएं चल सकती हैं और तेज बारिश आ सकती है। सोमवार सुबह चक्रवाती तूफान 'हाइशेन' 144 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार के साथ दक्षिण कोरिया के दक्षिणपूर्वी तट के नजदीक पहुंच गया।

### कमला हैरिस ने राष्ट्रपति चुनावों में रूसी दखल को लेकर किया आगाह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस ने रविवार को कहा कि राष्ट्रपति चुनाव में रूस के हस्तक्षेप से उनकी पार्टी को नुकसान हो सकता है। भारतवंशी हैरिस (55) कैलिफोर्निया की सीनेटर हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी ने उन्हें उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने श्सीएनएनश् को एक साक्षात्कार में कहा, श्मेरी स्पष्ट राय है कि रूस ने 2016 में अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में दखल दिया था। मैं सीनेट की खुफिया मामलों की कमेटी में रह चुकी हूं। जो हुआ था उस बारे में हम विस्तृत रिपोर्ट प्रकाशित कर चुके हैं।श राष्ट्रपति चुनाव में रूस के दखल को लेकर आरोपों के बारे में एक सवाल पर उन्होंने कहा, श्मुझे लगता है कि 2020 के चुनाव में भी विदेशी दखल होगा और इसमें रूस की अग्रणी भूमिका होगी। क्या इससे राष्ट्रपति चुनाव में खामियाजा भुगतना पड़ेगा, इस सवाल पर हैरिस ने कहा, सैद्धांतिक रूप से कहें तो निश्चित तौर पर।

### पति ने घर पर नहीं मारा चूहा, नाराज पत्नी ने दांत से काट दिया प्राइवेट पार्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लुसाका। अफ्रीकी देश जांबिया से एक बेहद हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। जांबिया की महिला ने पति के घर में परेशानी पैदा कर रहे एक चूहे को नहीं मारने पर अपने पति के प्राइवेट पार्ट को दांत से काट डाला। पत्नी मुकूपा की इस हैवानियत के बाद पति अब्राहम मुसोंदा बुरी तरह से घायल हो गए हैं। अब्राहम को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जांबियन ऑब्जर्वर की रिपोर्ट के मुताबिक कितवे कस्बे में पत्नी मुकुपा अपने दोस्तों के साथ शराब पीने के बाद उसने घर में चूहे को देखा। इससे वह गुस्से से भड़क उठी और उसने अपने पति के प्राइवेट पार्ट को दांत से काट दिया। कोप्परबेल्ट में डेप्युटी पुलिस कमिश्नर बोथवेल नमुस्वा ने कहा कि पति और पत्नी अब अलग हो चुके हैं। नमुस्वा ने कहा कि पति और पत्नी एक ही घर में दो अलग–अलग कमरों में रहते हैं।

# मुशर्रफ ने लंदन, यूएई में खरीदा करोड़ों का महल

**बड़ा खुलासा**

## पाकिस्तान की जनता को लूटकर अरबों की दौलत बनाने वाले सैन्य अधिकारियों की पोल खुल रही

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की गरीब जनता को लूटकर अरबों की दौलत बनाने वाले सैन्य अधिकारियों की पोल एक–एक करके अब खुलती जा रही है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान के विशेष सहायक असीम बाजवा के बाद अब पूर्व सेना प्रमुख और राष्ट्रपति रहे परवेज मुशर्रफ के बारे में बड़ा खुलासा हुआ है। पाकिस्तान के दिलेर पत्रकार अहमद नूरानी ने खुलासा किया है कि जनरल परवेज मुशर्रफ को रिटायरमेंट पर दो करोड़ रुपये मिले थे लेकिन उन्होंने लंदन और संयुक्त अरब अमीरात में 20–20 करोड़ रुपये दो फ्लैट खरीदे।

नूरानी ने अपनी वेबसाइट फैक्ट फोकस पर जारी रिपोर्ट में ब्रिटेन और यूएई के दस्तावेजों के हवाले से बताया कि मुशर्रफ ने लंदन में 13 मई 2009 को करीब 20 करोड़ रुपये में फ्लैट खरीदा था। यही नहीं इसी वित्तीय वर्ष में मुशर्रफ ने यूएई में भी करीब 20 करोड़ पाकिस्तानी रुपये का



फ्लैट खरीदा था। मजेदार बात यह है कि इसी साल उन्हें सेना से रिटायरमेंट के बाद मात्र 2 करोड़ रुपये का वित्तीय लाभ दिया गया था।

**दुबई में आलीशान इलाके में 20 करोड़ रुपये का फ्लैटः** पाकिस्तान के चुनाव आयोग के पास वर्ष 2013 में दाखिल किए गए दस्तावेजों में कहा गया है कि मुशर्रफ ने सेना से रिटायर होते समय मिले घर या अपनी एक भी जमीन को बेचा नहीं था। जनरल मुशर्रफ वर्ष अप्रैल 2009 में न्यायपालिका की बहाली के बाद देश छोड़कर चले गए थे। उन्होंने लंदन के आलीशान हाइड पार्क इलाके में फ्लैट खरीदा था। इसके अलावा उन्होंने दुबई में भी आलीशान इलाके में 20 करोड़ रुपये का फ्लैट खरीदा है।

जनरल मुशर्रफ की इस संपत्ति के खरीद के मामले पाकिस्तान के राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो के पास काफी समय से लंबित हैं। पाकिस्तानी सेना के बल पर सत्ता में आए इमरान खान ने पूर्व पीएम नवाज शरीफ को लंदन से वापस लाने के लिए अपना जोर लगा दिया है लेकिन पूर्व सेना प्रमुख मुशर्रफ के खिलाफ कार्रवाई के लिए उनकी हिम्मत नहीं हो रही है। वहीं मुशर्रफ के प्रवक्ता दावा करते हैं कि पूर्व जनरल ने भाषण देकर पैसा कमाया है।

**पूर्व सैन्य प्रवक्ता जनरल असीम सलीम बाजवा भी फंसेः** आय से अधिक संपत्ति के मामले में इमरान खान के लाडले पूर्व सैन्य प्रवक्ता जनरल असीम सलीम बाजवा भी फंस गए हैं। बाजवा ने अरबों रुपये के भ्रष्टाचार के खुलासे के बाद अंततरू पीएम के सलाहकार पद से इस्तीफा दे दिया लेकिन इमरान ने उसे स्वीकार नहीं किया है। पाकिस्तानी सेना और चीन–पाकिस्तान इकनॉमिक कॉरिडोर के अध्यक्ष पद पर रहते हुए जनरल बाजवा पर अरबों रुपये की दौलत बनाने का आरोप लगा है। बाजवा ने अभी करीब 60 अरब डॉलर के CPEC परियोजना के चेयरमैन पद से इस्तीफा नहीं दिया है।

## कोरोना वायरस वैक्सीन के शोध की चोरी के प्रयास तेज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। कोरोना वायरस महामारी विकराल रूप धारण कर चुकी है और दुनिया को इस महासंकट के खात्मे के लिए रामबाण वैक्सीन की तलाश है। एक तरफ रूस, अमेरिका और चीन कोरोना वायरस वैक्सीन को जल्द से जल्द बाजार में उतारने के दावे कर रहे हैं लेकिन दूसरी ओर इस महामारी के खात्मे के ब्रह्मास्त्र पर कब्जे के लिए दुनियाभर में जासूसों के बीच जंग छिड़ी हुई है।

चीनी जासूस कोरोना वायरस वैक्सीन के डेटा को हासिल करने के लिए अमेरिकी विश्वविद्यालयों की खाक छान रहे हैं। उन्हें लग रहा है कि यह उनके लिए बेहद आसान लक्ष्य होगा। दरअसल, उन्हें लग रहा है कि दवा कंपनियों की जासूसी से आसान अमेरिकी विश्वविद्यालयों पर नजर रखना है। ये चीनी जासूस यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ कैरोलिना और अन्य स्कूलों पर डिजिटल निगरानी रख रहे हैं जहां पर कोरोना वायरस वैक्सीन को लेकर व्यापक रिसर्च चल रहा है।

**रूस की की नजर अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन परः** इस जंग में जीत के लिए केवल चीनी जासूस ही नहीं बल्कि रूस की प्रमुख खुफिया एजेंसी एसवीआर अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन में कोविड वैक्सीन नेटवर्क पर निशाना साध रही है।



**सूरज की सबसे साफ तस्वीरें, बेहद डरावना आ रहा नजर**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मैड्रिड। यूरोप में स्थित टेलीस्कोप ने सूरज की अब तक की सबसे साफ तस्वीर खींचने में सफलता हासिल की है। सूरज की ये ताजा तस्वीरें जहां काफी स्तब्ध करने वाली हैं, वहीं काफी डरावनी भी हैं। स्पेन में अंतरिक्ष में नजर रखने वाले जर्मनी के वैज्ञानिकों ने ग्रेगोर टेलीस्कोप की मदद से सूरज की ये हाई रेज्यूलेशन तस्वीरें खींचीं हैं। ये टेलीस्कोप टाइडे ऑब्जरवेटरी में लगाया गया है। लीबनिज इंस्टीट्यूट फॉर सोलर फीजिक्स के वैज्ञानिकों ने इस टेलिस्कोप के लेंस को फिर से डिजाइन किया है जिससे ये अद्भुत तस्वीरें ली जा सकी हैं। इन तस्वीरों की मदद से अब वैज्ञानिक चुंबकीय क्षमता, वायुमंडलीय विक्षोभ, सौर लपटों तथा सनस्पॉट का गहराई से अध्ययन कर सकेंगे।

## भारतीय सेना के ऐक्शन से घबराया चीन, पैंगोंग के पास बढ़ाए सैनिक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। पूर्वी लद्दाख में पैंगोंग सो झील के दक्षिणी किनारे पर भारतीय सेना की जोरदार जवाबी कार्रवाई से बौखलाए चीन ने इस इलाके में कई जगहों पर और ज्यादा सैनिक तथा टैंक भेजे हैं। सैटलाइट से मिली तस्वीरों से पता चला है कि चीन के गतिरोध वाले प्वाइंट्स पर अपनी स्थिति को और ज्यादा मजबूत कर रहा है। इसके अलावा चीन इन इलाकों में नए सैन्य ठिकाने बनाने में जुट गया है।

टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक चीन की इस कार्रवाई से यह साफ नजर आ रहा है कि भारत और चीन के रक्षा मंत्रियों

**चीन गतिरोध वाले प्वाइंट्स पर स्थिति मजबूत कर रहा**

के बीच मास्को में वार्ता के बाद भी तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। चीन अब सभी गतिरोध वाली जगहों पर और ज्यादा सैनिक तथा टैंक तैनात कर रहा है। सूत्रों के मुताबिक दोनों ही पक्षों के करीब एक लाख सैनिक पूर्वी लद्दाख में तैनात हैं। चीन वार्ता की टेबल पर तनाव घटाने की बात तो कर रहा है लेकिन जमीन पर वह लगातार अपनी सैन्य तैयारी को और ज्यादा मजबूत करने में जुटा हुआ है।

इससे पहले 29 और 31 अगस्त के बीच चीन की सेना ने उकसावे की कार्रवाई करते हुए पैंगोंग झील के दक्षिणी किनारे पर यथास्थिति को बदलने का प्रयास किया था लेकिन भारतीय सेना ने उसे विफल कर दिया था। यही नहीं बाद में भारतीय सैनिकों ने पैंगोंग के दक्षिणी किनारे पर स्थित लगभग सभी प्रमुख चोटियों पर कब्जा कर लिया था। चीन के सैनिकों की तैनाती बढ़ाने से दक्षिणी किनारे पर तनाव काफी बढ़ गया है।

चीन की इस ताजा कार्रवाई का जवाब देने के लिए भारतीय सेना ने भी अपनी तैनाती को बढ़ा दिया है। बता दें कि मास्को में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीनी रक्षा मंत्री को बहुत कड़े अंदाज में अपना जवाब दिया था।

### अफवाह कोरोना से भी अधिक खतरनाक प्लेग हैः पोप फ्रांसिस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वेटिकन सिटी। पोप फ्रांसिस ने अफवाह फैलाने वालों को सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अफवाह 'कोविड से भी अधिक खतरनाक प्लेग'है जिसकी मंशा कैथोलिक गिरजाघर में विभाजन पैदा करने की है। फ्रांसिस ने पहले से तैयार भाषण की बजाय गिरजाघर समुदायों के बीच और वेटिकन नौकरशाही में अफवाह पर अपनी पुरानी शिकायत को दोहराया। पोप ने कहा कि शैतान 'सबसे ज्यादा अफवाह फैलाता' है जो असत्य बोलकर गिरजाघर में विभाजन पैदा करना चाहता है। पोप ने कहा, 'भाइयों और बहनो हमें कोशिश करनी चाहिए कि हम अफवाह न फैलाएं। अफवाह कोविड से भी अधिक खतरनाक एक प्लेग है। चलिए एक बड़ी कोशिश करें, अफवाह नहीं फैलाएं।' फ्रांसिस ने यह बात तब कही जब वह गलत काम करने वालों को निजी तौर पर सही रास्ते में लाने संबंधी 'गोस्पल पैसेज' पर चर्चा कर रहे थे। ऐसा पहली बार नहीं है जब पोप फ्रांसिस ने अफवाह फैलाने वालों को चेतावनी दी है। वर्ष 2016 में उन्होंने पादरियों और ननों को चेतावनी दी थी कि वे अफवाह का आतंकवाद न फैलाएं।